नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 188/2021
Dt- 16-6-2021

जिला पदाधिकारी
मधुबनी।

विषयः—**झंझारपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नरूआर के लगभग 50 विस्थापित परिवारों के पुनर्वास की समुचित व्यवस्था कराने के संबंध में।**

महाशय,

वर्ष 2019 में कमला नदी का बांध टूटने से झंझारपुर प्रखंड के नरूआर ग्राम पंचायत के लगभग 50 परिवारों के घर बाढ़ में विलुप्त होने के कारण वे विस्थापन की जिंदगी जी रहे है।

विस्थापित परिवारों के पुनर्वास से संबंधित मेरे तारांकित प्रश्न के उत्तर में दिनांक 5.3.2021 को सरकार द्वारा सदन में बताया गया कि विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए प्रत्येक परिवार को 5 डिसमिल भूमि का पर्चा दे दिया गया है, तथा पीड़ित परिवार को गृह क्षति अनुदान एवं अनुग्रह राशि भी दे दी गयी है।

वस्तुस्थिति यह है कि विस्थापित परिवार को अनुग्रह राशि मिल गयी है, परन्तु पुनर्वासित नहीं होने का मुख्य कारण भूमि का समतल नहीं होना है। जो भूमि विस्थापित परिवारों को दिया गया है उस भूमि को लाभुकों के द्वारा समतल कर पाना मुश्किल है।

ज्ञात हो कि लगभग 2 वर्षों से 50 विस्थापित परिवार पुनर्वास की आशा में नरूआर स्थित जल संसाधन विभाग के निरीक्षण भवन के परिसर में कष्ट की जिंदगी जी रहे है।

अतः अनुरोध है, कि विस्थापित परिवारों की पीड़ा को देखते हुये पुनर्वासित कराने की आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 16.6.21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in